# मेरे खाटू वाले श्याम | By Shekhar Sharma

जिसके दर पे बनते सबके बिगड़े काम हैं
जो हारे को जीत दिलाये वो खाटू वाला श्याम है

मोरवी का लाल ये सारे जग में चर्चे हैं
आँख में आंसू आने ना देता ये बाबा के पर्चे हैं
सेठ सांवरा लखदातार इसके ही तो नाम हैं
जो हारे को जीत दिलाये वो खाटू वाला श्याम है

नैया उसकी डोले ना जो बाबा को मनाता है
पैदल चलकर रींगस से जो भी निशान चढ़ाता है
सजकर बैठा बाबा मेरा इसकी क्या ही बात है
जो हारे को जीत दिलाये वो खाटू वाला श्याम है

झुक जा इसके दर पे शेखर वारे न्यारे कर देगा
लोग तुझको याद करेंगे ऐसा नाम वो कर देगा
रजत की भी सुन लेगा मुरली वाला घनश्याम है
जो हारे को जीत दिलाये वो खाटू वाला श्याम है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-shekhar-sharma/